





# कंडम गाड़ियों से अवैध तरीके से चल रही ड्राइविंग की पाठशाला...

## अधिकांश पुरानी गाड़ियों से सिखा रहे हैं लोग, बिना टैक्सी परमिट के रोड पर फर्राटे भर रहे भंगार वाहन

**शाजापुर । शाजापुर में कार सिखाने के नाम पर आधा दर्जन वो गाड़ियां दौड़ रही हैं, जो सरकार की नजर में कंडम हो चुकी हैं। अन्य प्रांतों से पासिंग गाड़ी से कार ड्राइविंग का स्कूल चल रहा है। जिनके पास न तो बीमा है, न ही फिटनेस सर्टिफिकेट है। यहां तक कि बिना टैक्सी परमिट के शहर की सड़कों पर कार चलाना सिखाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर कार ड्राइविंग की ये पाठशाला शहर में किसी दिन साम्प्रदायिक तनाव भी पैदा कर सकती है। या यूं कहें कि लव जिहाद की पाठशाला भी बन सकती है।**

गौरतलब है कि शाजापुर शहर में कार ड्राइविंग का बोर्ड लगाकर शहर की सड़कों पर गाड़ियां दौड़ाई जा रही हैं। इन गाड़ियों की स्थिति यह है कि ये भंगार हैं। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि अधिकांश गाड़ियां गैस से चलाई जा रही हैं। जिसकी अनुमति न तो परिवहन विभाग से है और न ही यातायात पुलिस के पास इसकी कोई जानकारी है। 15 साल से पुरानी जिन गाड़ियों के मॉडल कंपनी ने बंद कर दिए, उनसे चलाए जा रहे हैं कार ड्राइविंग के स्कूल। जबकि नियमानुसार कार ड्राइविंग स्कूल के लिए गाड़ी की कंडीशन अच्छी होना चाहिए। टैक्सी परमिट होना चाहिए। साथ ही गाड़ी के सभी कागजात वैलिड होना चाहिए। कार ड्राइविंग के समय यदि कोई घटना घटित हो जाए, तो इसका जिम्मेदार कौन... क्योंकि अधिकांश गाड़ियां पुराने मॉडल की हैं, जो अन्य प्रांतों से ली गई हैं।

### परिवहन-पुलिस के पास नहीं है कोई रिकॉर्ड

शहर में चल रहे कार ड्राइविंग स्कूल की जानकारी न तो थाने पर है, न परिवहन विभाग के पास है और न यातायात विभाग के पास है। कई महिलाएं और लड़कियां कार चलाना सीख रही हैं, जिन्हें सुनसान जगह पर कार चलाना सिखाया जाता है। यदि किसी दिन कोई घटना हो गई, तो इसका जिम्मेदार कौन। क्योंकि पुलिस के पास इनका कोई वैधानिक रिकॉर्ड नहीं है और शहर में ये किसी दिन साम्प्रदायिक तनाव का कारण बन सकता है। यहां तक कि कई गाड़ियां इन्होंने अवैध रूप से मॉडिफाइड करा रखी हैं, जो पूरी तरह से मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन है।

### कार ड्राइविंग स्कूल के क्या है नियम...

कार ड्राइविंग स्कूल के लिए सबसे पहले परिवहन विभाग में लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। ड्यूअल कंट्रोल कार और प्रमाणित ट्रेनर के साथ ही सभी कानूनी दस्तावेज जरूरी हैं। आरटीओ में फॉर्म 10 के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त किया जाता है। जो गाड़ियां कार ड्राइविंग के लिए उपयोग की जा रही हैं, उसमें दोहरा नियंत्रण होना चाहिए। साथ ही वाहनों के लिए व्यापक बीमा जरूरी है और प्रमाणित ड्राइविंग प्रशिक्षक की आवश्यकता रहती है।

### 2 से 3 हजार रूपए लेते है गाड़ी सिखाने की फीस

कार सिखाने के लिए 2 से 3 हजार रुपए लिए जाते हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि अधिकांश कार ड्राइविंग गाड़ियां या तो गैस से संचालित हो रही हैं, जो किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। क्योंकि घरेलू गैस भरकर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। साथ ही जनता की जान से खिलवाड़ भी किया जा रहा है। शहर में अवैध रूप से कार ड्राइविंग गाड़ियां दौड़ रही हैं, जो किसी दिन विवाद का कारण बन सकती है। क्योंकि गाड़ियों की स्थिति इतनी भंगार है कि कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

### इनका कहना है

*बिना कागज और टैक्सी परमिट के कार ड्राइविंग स्कूल में जो गाड़ियां चल रही हैं, उनकी जांच की जाएंगी। यदि गाड़ियां अवैध रूप से संचालित हो रही हैं, तो उन्हें जब्त किया जाएगा।*

***- सौरभ शुक्ला, यातायात प्रभारी, शाजापुर***

*शाजापुर जिले में किसी भी कार ड्राइविंग स्कूल का लाइसेंस नहीं है। बिना टैक्सी परमिट के कार ड्राइविंग स्कूल संचालित नहीं किया जा सकता है। साथ ही 15 साल से पुरानी गाड़ी पूरी तरह प्रतिबंधित है। इस मामले में कार्यवाही की थी। आगे भी कार्यवाही की जाएगी।*

***- रीना किराड़े, जिला परिवहन अधिकारी, शाजापुर***

## एक नजर में

### सिविल अस्पताल में 8 माह की गर्भवती की मौत पोस्टमॉर्टम में देरी पर परिजन में नाराजगी



**शुजालपुर।** मंडी स्थित सिविल अस्पताल में गुरुवार को 8 माह की गर्भवती महिला पुष्पा वर्मा पति रितेश वर्मा 36 वर्ष निवासी जगन्नाथपुरी कॉलोनी शुजालपुर की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार उन्हें अचानक पेट दर्द होने पर पहले निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां से सिविल अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में जांच के दौरान महिला का शुगर लेवल 559 पाया गया। करीब डेढ़ घंटे तक जांच और उपचार चला, लेकिन अचानक सांस लेने में तकलीफ बढ़ने पर स्थिति गंभीर हो गई। चिकित्सकों ने सीपीआर सहित प्रयास किए पर उन्हें बचाया नहीं जा सका। इस महिला के शव को परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल शुजालपुर में रखा गया। जहां शुक्रवार की सुबह पीएम होना था, लेकिन गुडफ्राइडे का अवकाश के कारण डॉक्टर देर से पहुंचे, जिससे दोपहर करीब 2 बजे पोस्टमार्टम हो सका। इसके बाद शव परिजनों को सौंपा गया। देरी को लेकर परिजनों ने नाराजगी जताई। परिजनों का कहना है कि मृतका को पहले शुगर की कोई समस्या नहीं थी।

### हनुमान मंदिर के प्रवेश द्वार का शुभारंभ



**मो. बड़ोदिया।** ग्राम दुधाना में रामदुलारे प्रभु श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। पूरे दिन धार्मिक आयोजनों में ग्रामीण व्यस्त रहे। वहीं इस दिन ग्राम के प्रसिद्ध हनुमान जी महाराज मंदिर के प्रवेश द्वार का शुभारंभ मो। बड़ोदिया जनपद पंचायत सीईओ द्वारा विधि-विधान से फीता काटकर किया गया। सर्वप्रथम मंदिर में हनुमान जी का अभिषेक किया गया। इसके बाद आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रभु के इस श्रृंगारित स्वरूप को निहारने मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। वहीं शुभ मुहूर्त में मंदिर के प्रवेश द्वार का मोहन बड़ोदिया जनपद पंचायत सीईओ द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रवेश द्वार को लेकर लंबे समय से ग्रामीण श्रद्धालुओं द्वारा मांग की जा रही थी। जिसका निर्माण हाल ही में पूरा किया गया है। जिसके बाद हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ सिसौदिया द्वारा प्रवेश द्वार का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इसके बाद मंदिर में सुंदरकांड पाठ, महाआरती व प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें ग्रामीणों सहित आसपास के क्षेत्रों के भक्तों ने भी पहुंचकर धर्म का लाभ लिया।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक



**शाजापुर।** 15 अप्रैल को कुम्हारिया खास मे होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद सीईओ अमृतराज सिसोदिया, जिला पंचायत सभापति जगदीश फौजी, जिला पंचायत सदस्य लोकेन्द्र सिंह सोलंकी, जनपद उपाध्यक्ष नागर, सभी जनपद सदस्य, सभी सरपंच एवं जनपद स्टाफ उपस्थित रहा। बता दें सम्मेलन में शामिल सभी 200 कन्याओं को कन्यादान के रूप में सरपंच संघ की तरफ से उपहार दिया जाएगा।

### बेकाबू होकर खाई में गिरी कार, तीन लोग घायल




**शाजापुर।** नगर के नेशनल हाईवे 52 पर शुक्रवार को दो अलग अलग सड़क हादसों में पांच लोग घायल हो गए। इन सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार लालघाटी इलाके में भेरू डूंगरी के पास दोपहर को एक तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी। गाड़ी में सवार प्रदीप शर्मा, अशोक व्यास और शैलेंद्र घायल हो गए। ये तीनों नसरुल्लागंज से नलखेड़ा मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। दूसरा हादसा शाम के वक्त सुनेरा इलाके में महाकाल ढाबे के पास हुआ। यहां पीछे से आ रही एक कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार पति कमल और उनकी पत्नी जमुना बाई घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां फिलहाल उनका उपचार किया जा रहा है।

## जोशी बने प्रदेश भाजपा मीडिया पैनलिस्ट



**शाजापुर। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी में शाजापुर जिले के युवा नेता और पत्रकार विजय जोशी को प्रदेश भाजपा मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त किया गया है।**

विजय जोशी लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भाजपा शाजापुर जिले के जिला मीडिया प्रभारी के रूप में कार्य किया है। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भागीदारी रही। साथ ही मीडिया और जनसंपर्क के क्षेत्र में उनके अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि विजय जोशी अपनी नई भूमिका में पार्टी की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से जन जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनकी नियुक्ति को संगठन के विस्तार और मजबूती की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। जिले के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विजय जोशी को बधाई दी है।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**शाजापुर।** बेरछा रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच हुई। सूचना मिलने पर बेरछा थाना पुलिस और रेलवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। मृतक की पहचान दौलतपुर थाना सोनकच्छ निवासी गोपाल पिता हिम्मत सिंह के रूप में हुई है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए शाजापुर जिला अस्पताल भेजा गया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## युवती की मौत के बाद युवक ने भी तोड़ा दम

### करेड़ी नाके पर युवक-युवती ने खा लिया था जहर

**शाजापुर। करेड़ी नाके पर गुरूवार को युवक युवती ने जहर खा लिया था। जिला अस्पताल में युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई थी और युवक को गंभीर हालत में इंदौर रैफर किया गया था, जहां युवक ने भी उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।**

जानकारी के अनुसार घटना लालघाटी थाना क्षेत्र के करेडी नाके पर गुरुवार शाम 4.30 बजे की है। सुनेरा निवासी आशुतोष उर्फ गोलू धाकड़ 25 और देवास निवासी कशिश परिहार के बीच प्रेम संबंध थे। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिजन इस रिश्ते के खिलाफ थे। 8 दिन पहले युवती की सगाई उज्जैन में हुई थी। इसके बाद गुरूवार को दोनों ने करेड़ी नाका पर जहर खा लिया था। इसके बाद आशुतोष ने अपने एक दोस्त को इसकी सूचना दी जो तुरंत मौके पर पहुंचा और दोनो को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां कशिश की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वहीं आशुतोष को गंभीर हालत में इंदौर रैफर किया गया था। जहां उसकी भी मौत हो गई। शुक्रवार को दोनो के शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

### माता-पिता इंदौर गए, बेटी शाजापुर आई...

युवती के पिता भरत परिहार ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे तक बेटी घर पर ही थी। वे और उनकी पत्नी हर गुरुवार की तरह इंदौर सामान लेने गए थे। देवास में उनकी साड़ी की दुकान है। कशिश ब्यूटी पार्लर का काम करती थी और काम के सिलसिले में उसका बाहर आना जाना रहता था। कुछ दिन पहले वह सारंगपुर और शुजालपुर भी काम से गई थी। गुरुवार को वह देवास से शाजापुर पहुंची थी।

## चौथे दिन भी धरने पर बैठा रहा किसान

### रास्ता खुलवाने और सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की मांग




**सोयतकलां। नगर में एक अनूठा मामला सामने आया है, जिसमें किसान राधेश्याम माली द्वारा नेशनल हाईवे से नगर में जाने वाले एक पूर्व रास्ते को खुलवाने और उस सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर 30 मार्च से तहसील कार्यालय के बाहर लगातार शांति पूर्वक धरना दिया जा रहा है। मामले में खास बात यह है कि जिम्मेदार किसान की मांग को कहीं न कहीं जायज भी मान रहे हैं, लेकिन कार्यवाही करने में रुचि नहीं दिखा रहे।**

तहसील कार्यालय के बाहर धरना दे रहे राधेश्याम माली ने पत्रकारों को बताया कि नगर के इंदौर-कोटा नेशनल हाईवे, डॉक्टर कलावड़िया के घर के सामने से नगर में जाने वाला पूर्व रास्ता एवं उस सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है। मेरे द्वारा इस जमीन से अतिक्रमण हटवाने एवं पूर्व रास्ते को खुलवाने के लिए शासकीय प्रक्रिया के तहत तहसील कार्यालय से लेकर जनसुनवाई आदी में आवेदन देने सहित सारी कोशिशें कर ली। इसके बाद धरना प्रदर्शन का निर्णय लिया है। शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन के बाद भी यदि मुझे न्याय नहीं मिला, तो आगे मेरे द्वारा अनशन एवं भूख हड़ताल की जाएगी। मैंने आवेदन के जरिए प्रशासन को अवगत करा दिया है।

### 2023 में हुआ था सीमांकन...

इस संबंध में नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल का कहना है कि किसान द्वारा पूर्व में भी आवेदन दिया गया था। हमने मौका स्थिति देखा। इनके खेत पर जाने का और भी रास्ता है, लेकिन यह जिस रास्ते पर जाना चाहता है। वहां पानी का नाला है। हमने दूसरे रास्ते के लिए इन्हें काफी समझाया। पर यह समझने को तैयार नहीं हैं। इनके द्वारा जहां अतिक्रमण बताया जा रहा है। उस जमीन का 2023 में सीमांकन हुआ है। हमने मौका स्थिति जाकर देखा है। वहां कोई अतिक्रमण नहीं है।

### इनका कहना है

*सरकारी भूलेख रिकॉर्ड में यहां पूर्व रास्ता दर्ज है, लेकिन वह रास्ता अब पानी निकासी के लिए नाले में डाइवर्ट हो चुका है। अब वहां रास्ता कैसे बनाया जा सकता है। फिर भी हमारे द्वारा एक बार और जाकर मौका निरीक्षण कर लिया जाएगा।*

***- राजेश श्रीमाल, नायब***

## आज आधे शहर में चार घंटे बंद रहेगी बिजली।।।

**शाजापुर।** शहर में आज शनिवार को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह व्यवधान प्री मानसून मेंटेनेंस की वजह से होगा। बिजली कंपनी ने इस संबंध में जानकारी दी है कि लालघाटी उपकेंद्र से संचालित होने वाले 11 केवी शाजापुर प्रथम फीडर पर पोल टू पोल लाइन मेंटेनेंस किया जाएगा। इसके साथ ही बिजली लाइनों के नीचे और आसपास उगी झाड़ियों की कटाई का काम भी होगा। इन कार्यों के कारण निर्धारित समय में संबंधित क्षेत्रों में बिजली सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान विजय नगर, ज्योति नगर, राधास्वामी आश्रम, मूलीखेड़ा रोड, लोंदिया रोड, लक्ष्मी नगर, आदित्य नगर, एबी रोड, पुलिस कॉलोनी, अस्पताल क्षेत्र की दुकानें, बस स्टैंड, मगरिया, पालिटेक्निक कालेज, गांधी हाल, नगर पालिका कार्यालय, मजिस्ट्रेट निवास, कालेज के पीछे का क्षेत्र, टेंशन चौराहा और स्टेडियम के पीछे का क्षेत्र शामिल है, जहां प्रातः 11 बजे तक बिजली प्रदाय बाधित रहेगा। बिजली कंपनी ने नागरिकों से इस रखरखाव कार्य में सहयोग की अपील की है।

## पूर्व पार्षद राजेश पारछे बने अजा कांग्रेस जिलाध्यक्ष



**शाजापुर। शाजापुर शहर में सबसे लंबे समय तक पार्षद रहे राजेश पारछे को कांग्रेस कमेटी ने शाजापुर अजा विभाग का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया। शाजापुर नगरपालिका में लगातार 5 बार पार्षद रहने का रिकॉर्ड राजेश पारछे के नाम है। अब वे अजा विभाग की कमान संभालेंगे। पारछे जिलाध्यक्ष बनते ही पूर्व पार्षद मूसा आजम खान ने वार्ड क्रमांक 5 में स्वागत का आयोजन किया। जिसमें कांग्रेस के कई कार्यकर्ता और नेता उपस्थित हुए।**

गौरतलब है कि कांग्रेस में वाल्मिकी समाज का नेतृत्व करने वाले राजेश पारछे सन 1994 से लेकर 2021 तक शहर के विभिन्न वार्डों से कांग्रेस के पार्षद रहे। जिला सरकार में भी वे उद्योग विभाग के सभापति रहे। नगर पालिका में विभिन्न समितियों के सभापति रहे। अब कांग्रेस ने उन्हें अजा वर्ग की कमान देते हुए जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है।

**एक नजर में** — नेशनल हाइवे किया जाम, पुलिस को करना पड़ा वॉटर कैनन और बल प्रयोग

## एमएसपी पर खरीदी की मांग को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल...



**शुजालपुर। किसानों की फसल खरीदी को लेकर सियासत अब सडक पर उतर आई है। शुक्रवार सुबह 10 बजे जेठडा जोड पर युवा कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया, इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसजन सड़क पर बैठ गए और नारेबाजी के साथ ही संबोधन भी शुरू हो गया। आंदोलन के समाप्त नहीं होने और नेशनल हाइवे 752सी आष्टा-शुजालपुर मार्ग पर लम्बे समय तक आवागमन बाधित होने के चलते पुलिस ने हालात काबू करने के लिए वाटर कैनन चलाए और बल का प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को हटाया। पुलिस ने 24 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए एसडीएम कोर्ट में पेश किया।**

युवक कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार की मौजूदगी ने आंदोलन को और धार दी। कार्यकर्ताओं ने किसानों की गेहूं फसल की तुरंत खरीदी और मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। हालात उस समय बिगड गए जब प्रदर्शनकारी चर्चा के बाद भी नहीं माने और हाईवे को सुचारू नहीं किया तो पुलिस ने उन्हें हटाने के लिए पहले वाटर कैनन का सहारा लिया, इसके बाद हल्का बल भी प्रयोग किया गया। इस दौरान कई कार्यकर्ता चोटिल हुए, पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को मौके से हिरासत में लेकर आंदोलन स्थल से हटाया। प्रदर्शन के बाद भडके नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोला। अभिषेक परमार और चिराग परमार ने आरोप लगाया कि हम किसानों की जायज मांग उठा रहे हैं, लेकिन सरकार हमें दबाने के लिए लाठीचार्ज करवा रही है। यह लोकतंत्र का दमन है। मोहन सरकार की यह कार्रवाई उसकी विफलता और कायरता को दर्शाती है। नेताओं ने साफ चेतावनी दी कि यदि किसानों की फसल एमएसपी पर जल्द नहीं खरीदी गई तो आंदोलन और उग्र होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी। कांग्रेस नेत्री रचना जैन ने कहा कि सरकार कभी अपने वादे पर स्थिर रही ही नहीं, यदि कोई वादा करता है और समय सीमा में उस वादे को निभाता है तो विश्वास भी करें, हम विपक्ष में होने के नाते ही नहीं बल्कि किसानों के सम्मान में आंदोलन कर रहे है। इस प्रदर्शन में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनारायण परमार, गजेन्द्र सिसोदिया, रचना जैन, सागर परमार, अचल सिंह मेवाडा, भगवत सिंह परमार, डॉ। मुकेश सोनानिया, मनीष पंवार कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इन पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई ...

जेठड़ा जोड़ पर हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया। थाना शुजालपुर मंडी से मिली जानकारी अनुसार चिराग सिंह परमार, अभिषेक कुमार, सागर सिंह परमार, अलकेश पाटीदार, तीर्थ प्रसाद सोनानिया, भगवान सिंह भिलाला, विष्णु शर्मा, दीपक शर्मा, कुमेर सिंह धनगर, मनीष परमार, आकाश राजपूत, धनराज परमार, संतोष पाटीदार, रोहित राजपूत, आशीष पाटीदार, अनोखीलाल सिसोदिया, गौरव परमार, अजय मोरटे, राहुल राजपूत, शोएब अंसारी, सतीश परमार, मंगल सिंह राजपूत, रईस खान, डॉ राघवेंद्र सिंह परमार को पुलिस ने मौके से हिरासत में लेकर आवश्यक कार्रवाई की।

